राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–17/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने श्री मनोज कुमार द्वारा लिखित पुस्तक "स्ट्रीट वेंडर से ब्यूरोक्रेट" का विमोचन किया

पटना 05 फरवरी, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन के दरबार हॉल में श्री मनोज कुमार, आई०ओ०एफ०एस०, विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा लिखित पुस्तक "स्ट्रीट वेंडर से ब्यूरोक्रेट" का विमोचन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर असीम क्षमता मौजूद होती है जिसे कठिन परिश्रम के द्वारा सामने लाने की आवश्यकता होती है। पुस्तक के लेखक श्री मनोज कुमार ने अपने जीवन के कठिन संघर्षों को पुस्तक का रूप दिया है और यह न केवल विद्यार्थियों, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी उपयोगी है। यह पुस्तक अत्यन्त सारगर्भित और प्रेरणादायी है। मनोज कुमार जैसे प्रतिभाशाली, परन्तु गरीब एवं साधनविहीन बच्चों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ाने का दायित्व समाज का है।

कार्यक्रम को ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह एवं विमोचित पुस्तक के लेखक श्री मनोज कुमार ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, प्रकाशक श्री पीयूष कुमार, संपादक डॉ० हर्षवर्द्धन कुमार एवं राज्य सरकार के विभिन्न पदाधिकारीगण सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

....